# राजस्थान के मोस्ट वांटेड निकले तीनों बदमाश

## हत्या, हत्या के प्रयास, लूट और डकैती के कई मामले दर्ज, गिरफ्तारी से बचने के लिए हुए थे फरार

- युवक पर फायरिंग करने के बाद पकड़े गए थे आरोपी
- मंगलवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया



नवभारत न्यूज

**सीहोर/ आष्टा 3 फरवरी. एक दिन पहले गोलीबारी करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने जब गिरफ्तार कर उनकी आपराधिक कुंडली खंगाली तो पुलिस भी हैरान रह गई, क्योंकि 20 से 28 वर्ष की आयु के यह तीनों युवक राजस्थान के विभिन्न थानों के मोस्ट वांटेड अपराधी हैं. इनमें से एक के ऊपर तो हत्या एवं हत्या के प्रयास जैसे कई मामले दर्ज हैं. इसके अलावा लूट और डकैती व नशे का कारोबार जैसे कई मामलों में कई थानों की पुलिस को इनकी तलाश है.**

गौरतलब है कि सोमवार को इंदौर-भोपाल हाईवे पर ग्राम कचनारिया जोड़ के पास हुई गोलीबारी की घटना में गिरफ्तार तीनों आरोपी अमन उर्फ बाबर उर्फ सेवी, शहनवाज अंसारी उर्फ सोबू, विक्की उर्फ राजा अली निवासी कोटा राजस्थान के विरुद्ध संबंधित जिलों के थानों से आपराधिक इतिहास की जानकारी प्राप्त की गई. जांच में पाया गया कि तीनों आरोपियों के विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती एवं नशे के कारोबार में संलिप्त होने जैसे गंभीर अपराध विभिन्न थानों में पंजीबद्ध हैं. जो वर्तमान हत्या कर गिरफ्तारी से बचने के लिए मध्यप्रदेश के गुना, भोपाल होते हुए इंदौर के लिए निकले और आष्टा थाना अंतर्गत की गई गोलीबारी की वारदात में दबोचे गए. इसी तरह आरोपी शहनवाज अंसारी उर्फ सोबू के विरुद्ध कोटा के थाना में हत्या का प्रयास, लूट, डकैती एवं आर्म्स एक्ट के कुल 09 गंभीर प्रकरण पंजीबद्ध पाए गए हैं, जो वर्तमान में न्यायालय में लंबित हैं. तीसरे आरोपी विक्की उर्फ राजा के विरुद्ध थाना कोतवाली जिला बारा राजस्थान में वर्ष 2022 में धारा 307 आईपीसी एवं आर्म्स एक्ट के कुल 2 प्रकरण पंजीबद्ध पाए गए हैं, जो न्यायालय में लंबित हैं.

### मुख्य आरोपी अमन उर्फ बाबर दुर्दांत किस्म का अपराधी

पुलिस द्वारा जुटाई गई जानकारी के अनुसार मुख्य आरोपी अमन उर्फ बाबर अत्यंत दुर्दांत एवं शातिर किस्म का अपराधी है. जिसके द्वारा कोटा एवं बारा जिले में एक दर्जन से अधिक गंभीर अपराध कारित किए गए हैं. आरोपी अमन के विरुद्ध हत्या के प्रयास के कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध हैं, वहीं थाना कोतवाली जिला बारा में वर्ष में हत्या का अपराध भी दर्ज है. उक्त हत्या की घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था तथा फरारी के दौरान ही पुनः थाना कोतवाली जिला बारा राजस्थान क्षेत्र में बंदूक से फायर कर हत्या के प्रयास की वारदात को अंजाम दिया गया. इस प्रकरण में भी आरोपी वर्तमान में फरार घोषित था. आरोपी अमन के विरुद्ध मप्र के श्योपुर थाना देहात में वर्ष 2023 में धारा 307 आईपीसी एवं 25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत बंदूक के उपयोग से हत्या के प्रयास का प्रकरण भी पंजीबद्ध है, जिसमें आरोपी अमन की गिरफ्तारी होना शेष भी है. वर्तमान में आरोपी अमन थाना कोतवाली जिला बारा राजस्थान में वर्ष 2025 से हत्या एवं हत्या के प्रयास के मामलों में वांटेड है. संबंधित थानों को लंबित प्रकरणों में गिरफ्तारी के लिए सूचित किया गया है.

मामले में आष्टा पुलिस द्वारा जांच के दौरान तीनों आरोपियों से पूछताछ की गई तथा उनके स्थानीय निवास एवं आसपास के जिलों के थानों से संपर्क कर कड़ी मेहनत एवं परिश्रम से इन कुख्यात आरोपियों का विस्तृत आपराधिक रिकॉर्ड संकलित किया गया, जिसे थाना आष्टा में पंजीबद्ध हत्या के प्रयास के प्रकरण में संलग्न किया गया है. राजस्थान राज्य के विभिन्न थानों में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सभी संबंधित थानों को थाना आष्टा में हुई गिरफ्तारी की सूचना दे दी गई है. न्यायालयीन प्रक्रिया के अनुसार अग्रिम कार्यवाही राजस्थान पुलिस द्वारा की जाएगी.

मंगलवार को आष्टा पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया. न्यायालय द्वारा तीनों आरोपियों का जेल भेजा गया. इस कार्यवाही में एसडीओपी प्रवीण चड़ोकर, थाना प्रभारी गिरिश दुबे, चौकी प्रभारी अमलाहा प्रेमसिंह ठाकुर, एएसआई सुभाष कटारे, दयाराम चोरे, संजय शर्मा, संजू चंद्रवंशी, अभिषेक गोस्वामी, महेंद्र राजपूत एवं गजराज की भूमिका रही.

# मोटर की केबल चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भैरुंदा.** पुलिस ने खेत से केबल चोरी करने वाले आरोपी को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गए केबल व अन्य सामग्री तथा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की हैं. जानकारी के अनुसार फरियादी किसान मोहल्ला निवासी ओमप्रकाश पंवार पिता शंकरलाल पंवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम अतरालिया व रिछाड़िया कदीम के बीच श्रीहरिहरानंद वेयर हाउस के पास से मेरी दो ट्युबवेल की मोटर में लगी केबल, टार्च और पड़ोसी रामनिवास बाकरिया की केबल कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया.एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में पुलिस की टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी. जांच के दौरान एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. जिसने अपना नाम ग्राम बसंतपुर निवासी राज बारेला बताते हुए अपना जुर्म कबूल किया. आरोपी के कब्जे से चोरी गई 4 केबल व अन्य सामाग्री व घटना में प्रयुक्त बाइक जप्त की गई. उक्त सामान की कुल कीमती करीबन 60 हजार रुपए बताई गई है.



# बीच सड़क पर खुला चेंबर दे रहा हादसे को न्यौता

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 3 फरवरी, शहर के कस्टम पथ क्षेत्र में कस्टम पथ से नयापुरा जाने वाले मार्ग पर बने हुए चेंबर का जाल निकल जाने के कारण यह खुला चेंबर हादसे को न्यौता दे रहा है. इस चेंबर पर लगी जाली क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण यह चेंबर खुला पड़ा है. यहां से गुजरने वाले राहगीरों एवं वाहन चालकों को यह खुला चेंबर कई बार दिखाई नहीं देता है. जिससे इस खुले चेंबर के कारण वाहन चालक गिरकर हादसे का शिकार हो सकते हैं.**



लेकिन इस ओर जिम्मेदारों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. नागरिकों ने राहगीरों एवं वाहन चालकों को दुर्घटना से बचाने के लिए इस खुले चेंबर पर तत्काल जाली लगाये जाने की मांग की है. जिससे लोग हादसे का शिकार होने से बच सकें.

# थाने के समीप बैंक से किसान की राशि चोरी

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 3 फरवरी. पुलिस थाने के पास सेंट्रल बैंक से एक किसान के अज्ञात बदमाशों ने 40 हजार रुपए उड़ा दिए.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भजिया निवासी परसोत्तम लोधी जो डेढ़ लाख रुपए निकालने आया था जो पैसे निकाल कर बैंक के अंदर से पैसों की गिनती करने लगा तभी पास में खड़े एक व्यक्ति ने 10-10 हजार रुपए की चार गडड्ी चोरी कर ली गई वारदात के चलते किसान घबरा गया था और दो दिन बाद किसान ने थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने बैंक पहुंचकर सीसीटीवी में बदमाशों की खोजबीन की तो युवक का चेहरा स्पष्ट नजर नहीं आ रहा था. पुलिस ने कई स्थानों के लगे कैमरे के भी वीडियो फुटेज खंगाले गई मगर अभी तक युवकों की पहचान नहीं हुई है. बैंक के अंदर से पैसे गायब होने की बात से सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए है.




सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जो क्षेत्र की सबसे बड़ी शाखा है और यहां सुरक्षा गार्ड भी नहीं है कहीं ना कहीं बैंक अधिकारी की लापरवाहियों के कारण उपभोक्ताओं को ऐसी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है. पीड़ित किसान परसोत्तम लोधी ने आरोप लगाया है कि बैंक के अंदर से पैसे चोरी हुई जो बैंक में पैसा निकालने आए थे जो डेढ़ लाख रुपए निकाले और पैसे निकालने के बाद बैंक के अंदर ही पैसे चैक करने लगा तभी बैंक के अंदर एक व्यक्ति मेरे पास आया और बोला की पैसों की गिनती कर ले इसके बाद मैंने पैसे गिने तो उसमें 40 हजार कम रुपए निकले इसकी शिकायत मैंने बैंक अधिकारी से की थी.

# दोस्त ने की थी एसएएफ के जवान की हत्या

**मुलताई। थाना क्षेत्र ग्राम हरदौली में बीते 30 जनवरी को शिव मंदिर के पास मिले विशेष सशस्त्र बल के जवान का शव मिला था। पुलिस द्वारा 4 दिनों में जवान की हत्या का राज खोलते हुए खुलासा किया है.**

पुलिस जांच में सामने आया है कि जवान की हत्या उसके ही दोस्त ने जवान का सामान हड़पने के लिए की थी। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने बताया हरदोली में मिले मृतक जवान की पहचान रंजीत पिता जमेदर सरयाम के रूप में हुई है। जो छिंदवाड़ा में 8वीं बटालियन विशेष सशस्त्र बल में पदस्थ था। डहुआ ढाना निवासी सुदामा पिंजारे मृतक जवान का दोस्त था। मृतक रंजीत और सुदामा पिंजारे एक साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान सुदामा की नीयत बदल गई और उसने लूट के इरादे से अपने दोस्त रंजीत सरयाम पर हमला कर उसकी हत्या कर दी ।हत्या के बाद आरोपी सुदामा ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से मृतक की बाइक को अपने एक अन्य साथी रामदयाल उर्फ बबलू खवसे परमंडल की मदद से अलग स्थान पर छिपा दिया था ।पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी सुदामा पिंजारे और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर मृतक की बाइक सहित बैग भी बरामद की है।



# अंधविश्वास और अंधेरे के सहारे लोगों को लूटा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ पचोर/ कुरावर 03 फरवरी, का.** अंधविश्वास और अंधेरे का लाभ लेकर लोगों से ठगी और लूट मचाने वाले दो अलग-अलग मामलों में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. शातिर अपराधी खौफ का पर्याय बनते जा रहे थे. एक तरफ जहां परेशान लोगों की परेशानी समाप्त करने के नाम पर झाड़फूंक दिखाकर ढाई लाख की ठगी करने वाले इंदौर के शातिर को पचोर पुलिस ने पकड़ा है वहीं कुरावर के समीप हाईवे पर लूट मचाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने दबोच लिया है.

पुलिस अधीक्षक, राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में जिले में लूट, डकैती एवं संगठित अपराधों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है. थाना कुरावर पुलिस द्वारा नेशनल हाईवे पर लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए राजस्थान राज्य के 03 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. वहीं पचोर पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर लोगों से ठगी करने वाले को दबोच लिया है.

### केस-1 : झाड़फूंक से जीवन की समस्याएं दूर करने के नाम पर ढाई लाख ठगे



घटना बीते 30 जनवरी 2026 की है . शाम करीब साढ़े सात बजे बस स्टैंड पचोर में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फरियादी जितेन्द्र सिलावट, पिता नंदू सिलावट, उम्र 44 वर्ष, निवासी इंदौर को झाड़-फूंक से बीमारी ठीक करने का झांसा देकर छल-कपटपूर्वक ढाई लाख नगद एवं एक मोबाइल फोन की धोखाधड़ी की गई . गिरफ्तार आरोपी का नाम आनंद पिता का नाम जगदीश दास बेरागी उम्र 42 वर्ष निवासी न्यू कॉलोनी, पैलेस, इंदौर है . आरोपी के कब्जे से ठगी की राशि सहित घटना में प्रयुक्त आर्टिगा कार अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख जप्त की गई .थाना प्रभारी पचोर निरीक्षक श्रीमती शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे इंदौर से पुलिस हिरासत में लिया गया . पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किया गया . आरोपी बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अकेले व्यक्तियों को चिन्हित करता था . स्वयं को तांत्रिक बताकर झाड़-फूंक से बीमारी ठीक करने का झांसा देता था .

# शिकायत: 39 आदिवासी मजदूरों की 11 लाख मजदूरी हड़पी

**बैतूल।** जिले के आदिवासी समाज से जुड़े 39 मजदूरों ने कलेक्टर जनसुनवाई में गंभीर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि सारनी मछलीकाटा निवासी ठेकेदार विशाल सरकार और सूरज मालाकार ने ठेकेदारी का झांसा देकर उन्हें नागपुर और फिर ओडिशा राज्य के अमोल नामक स्थान पर ले जाकर निर्माणाधीन पावर प्लांट में बंधुआ मजदूरों की तरह काम कराया, लेकिन 17 से 18 दिन का मेहनताना आज तक नहीं दिया। बंगाली समाज प्रकोष्ठ के समन्वयक मिथुन विश्वास के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे आवेदकों ने बताया कि सितम्बर 2025 में ठेकेदारों ने प्रतिदिन 1000 रुपये मजदूरी, रहने और खाने की व्यवस्था का भरोसा दिया था। विश्वास कर सभी मजदूर ठेकेदारों के साथ गए, जहां उनसे लगातार काम कराया गया और बाहर जाने तक की स्वतंत्रता नहीं दी गई। काम समाप्त होने पर मजदूरी मांगने पर भुगतान को बिल पास होने का बहाना बनाकर टालते रहे, कभी दिवाली तक देने की बात कही, लेकिन हाल ही में मजदूरी मांगने पर साफ मना कर दिया और जातिगत गालियां देकर अपमानित किया गया। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सभी मजदूर आदिवासी समाज से हैं और मजदूरी कर परिवार का पालन करते हैं।

# खिलाड़ियों की शिकायत पर सिंधिया ने एक घंटे में खेल मैदान से हटवाया अतिक्रमण

**नवभारत न्यूज अशोकनगर/नईसराय।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया जिले के दौरे पर है, इसी कड़ी में वह मंगलवार को नईसराय तहसील के ग्राम डुंगासरा में पहुंचे, जहां उन्होंने विद्युत सब स्टेशन का शिलान्यास किया। तो वहीं युवाओं की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए खेल मैदान को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

दरअसल जैसे ही केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ग्राम में पहुंचे तो गांव के युवकों द्वारा खेल मैदान पर अतिक्रमण के बारे में नारे लगाए और उनके द्वारा दी गई शिकायत पर श्री सिंधिया ने तत्काल कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए, जिसके बाद प्रशासन ने मात्र एक घंटे में मैदान से अतिक्रमण हटा दिया। इसके पश्चात सिंधिया ने हटाए गए अतिक्रमण वाले मैदान पर युवाओं के साथ क्रिकेट खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया। तो वहीं विद्युत सब स्टेशन के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति मजबूत होगी और क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों व आम लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

# मॉल के बढ़ते कल्चर से व्यापारियों में टेंशन

### डी मार्ट का किया विरोध एकजुट हुए व्यापारी




नवभारत न्यूज

**विदिशा, शहर में बढ़ते मॉल से व्यापारियों ने टेंशन है. मॉल कल्चर के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए व्यापारी विरोध में उतर आए हैं.**

मंगलवार को व्यापार महासंघ के बैनर तले व्यापारियों ने डी मार्ट का विरोध किया इस दौरान व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मुन्नालाल जैन ने बताया की ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां कॉस्ट कटिंग एवं ज्यादा एमआरपी लगवा कर उपभोक्ता को एमआरपी पर डिस्काउंट देती है जिससे उपभोक्ता भ्रमित होता है मध्य प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया की एमआरपी और एनआर का कानून भी आना चाहिए मैक्सिमम रिटेल प्राइस एवं नॉमिनल रिटेल प्राइस ताकि व्यवसायिक क्षेत्र में एक मार्जिन सेट हो सके कंपनियों की आगामी योजना विदिशा शहर में 6 मिनी स्टोर खोलने की भी है आशीष माहेश्वरी पार्षद ने बताया एक दुकान पर करीब 6 लोगों का स्टाफ होता है.

अगर ऐसे बड़े स्मार्ट छोटे शहरों में आएंगे तो बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होगी महासंघ के उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने बताया की ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां अनेक प्रॉब्लम देकर उपभोक्ताओं को अपनी ओर खींचती हैं एवं बाद में रेट बढ़ा देती हैं महासंघ के पूर्व महामंत्री घनश्याम बंसल ने कहा कि आगामी पीढ़ी को व्यवसाय करने में अनेक समस्या उत्पन्न होगी वक्त और समय है की शान की व्यापारियों के लिए जो नीति हैं उसमें संशोधन होना चाहिए महासंघ पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बताया विदिशा की पापुलेशन अभी इतनी नहीं की डी मार्ट जैसी बड़े मॉल यहां पर खोलें.

# यूथ गेम्स में अनुष्का ने जीता गोल्ड मैडल

नवभारत न्यूज

**बुधनी 3 फरवरी. एमपी खेलो यूथ गेम्स के तहत प्रदेश के विभिन्न संभागों में खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है. इसी कड़ी में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन उज्जैन में किया जा रहा है. जिसमें नगर की बेटी अनुष्का शिवहरे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर नगर और जिले का नाम रोशन किया है.**

कुश्ती प्रतियोगिता में अनुष्का ने कड़े मुकाबलों के बीच अपनी प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया. अनुष्का की सफलता पर नगर के गणमान्य नागरिकों, खेल प्रेमियों एवं मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं. लोगों ने कहा कि अनुष्का की यह उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणादायक है और इससे युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा वह भी खेलों में प्रदेश का नाम रोशन करेंगे.




**नि :शुल्क वितरण** ग्रीष्मकाल के लिए नि :शुल्क मिलेगा तिल, मूंगफली, उड़द का बीज

# फसलों को बढ़ावा देने तिलहनी फसलों का नि :शुल्क मिलेगा बीज

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 03 फरवरी, का. प्रदेश के साथ ही राजगढ़ जिले में तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने तथा ग्रीष्मकालीन फसल हेतु किसानों को तिलहनी फसलों के बीज का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा. ग्रीष्मकाल हेतु जिले में पहली बार तिल, मूंगफली, उड़द फसल के बीज का नि:शुल्क वितरण योजनांतर्गत किया जाएगा.**

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय तिलहन विकास योजनांतर्गत इस बार ग्रीष्मकालीन फसल हेतु तिलहन फसलों के लिए उत्पादन कार्यक्रम आया है. जिसमें जिले में 2500 हैक्टर क्षेत्र में तिल, 500 हैक्टर में मूंगफली एवं 800 हैक्टर में उड़द का बीज किसानों को निःशुल्क प्रदान किया जाना है.



**सोयाबीन के नुकसान की हो सकेगी भरपाई** - गत खरीफ सीजन में प्राकृतिक प्रकोप के चलते सोयाबीन फसल को काफी नुकसान पहुंचा था. इस नुकसान की काफी कुछ भरपाई भी ग्रीष्मकालीन फसल लेने से पूरी हो सकेगी.

### उत्पादन एवं भाव में भी बेहतर

तिलहनी फसल उत्पादन एवं भाव के मान से भी बेहतर फसल देखी जाती है. जानकारी के अनुसार तिल का उत्पादन एक बीघा में डढ़ से दो क्विंटल तथा मूंगफूली का उत्पादन एक बीघा में 5 से 6 क्विंटल तक होना बताया जाता है. इनके भाव भी काफी अच्छे मिलते है.

### सर्वाधिक रकबा

ग्रीष्मकालीन फसल के तौर पर जिले के सभी विकासखंड में उत्पादन कार्यक्रम के तहत बीज का निःशुल्क वितरण होगा. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एन.एस. हरियाले के अनुसार जिले में ब्यावरा विकासखंड में मूंगफली का रकबा सर्वाधिक 175 हैक्टर में दिया गया है, जबकि करीब 200 हैक्टर में तिल का रकबा होगा.

# बजरंगियों ने पीछाकर गौवंश से भरी हुई पिकअप पकड़ी

**मुलताई। क्षेत्र में गौवंश की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार रात करीबन 3 बजे बजरंग सेना छिंदवाड़ा क्व साथ बजरंगियों ने 70 किमी पीछा कर गौ वंश से भरी हुई पिकप पकडी है।**

उक्त वाहन गौ तस्करों द्वारा महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाया जा रहा था। सागर बजरंगी ने बताया गौ वंश तस्करो द्वारा पिकप वाहन 12 गौवंश भरकर मुलताई की ओर लाने की सूचना मिलने पर बजरंग सेना छिंदवाडा द्वारा पिकप वाहन का पीछा किया गया, जिनके साथ बजरंग दल मुलताई के बजरंगी भी साथ उन्होने उक्त वाहन का 70 किमी पीछा कर कामथ चौक नागपुर रोड पर रोका, हिन्दू संगठन द्वारा मुलताई पुलिस को सूचना देने पर गौवंश से भरी पिकअप वाहन को घेराबंदी कर पकड़ा गया और पिकअप वाहन क्रमांक एम पी 04 वायजे 3854 पर बंधा तिरपाल खोलकर देखा तो गौवंश को रस्सी से क्रूरता पूर्वक एक के उपर एक लादकर भूखे प्यासे रखा था। वाहन में भरकर 12 गौवंश को महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाया जा रहा था। जिसे पकड़ने में पुलिस प्रशासन एवं श्री बजरंग सेना और बजरंग दल मुलतापी के प्रखंड संयोजक बजरंगी दिपांशु साहू, प्रखंड अध्यक्ष प्रविण राउत, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख पंकज बिहारे, बालउपासना प्रमुख आशिष डाहरे, जिला सहसंयोजक भुपेश साहू प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख जतिन डोहरे, गौ सेवक सागर बजरंगी प्रसार प्रचार प्रमुख सुशील श्रीवार की भूमिका रही।

